Let us breathe the fragrance divine

दिव्य सौरभ की अनुभूती



सर्वजीवहितावह ग्रंथमाला - ६८

संस्थापक: अ.मु.प.पू. श्री नारायणभाई गी. ठक्कर

श्री स्वामिनारायण डिवाइन मिशन

अमदाबाद - १३

श्री स्वामिनारायण डिवाइन मिशन का प्रतीक

प्रतीक में श्री स्वामिनारायण भगवान के चरण कमल में सामुद्रिक शास्त्र में वर्णन किये गये भगवत्स्वरूप के सोलह विलक्षण चिन्ह हैः

*दाहिने चरण कमल में नौ चिन्हः

स्वस्तिक मांगल्यमय भगवत्स्वरूप को सूचित करता है।

अष्टकोण उत्तर-दक्षिण-पूरब-पश्चिम-अग्नि-ईशान-नैऋत्य-वायव्य आठों दिशा में भगवत्-करूणा बह रही है, इसका प्रतीक है।

ऊर्ध्वरेखा भगवत्कृपा से जीवों का अविरत ऊध्वीकरण दर्शित करता है।

अंकुश सर्व को अंकुश में रखने, सर्व के कारण रूप ऐश्वर्य का प्रतीक है तथा अंतःशत्रु को बस में रखना सूचित करता है।

ध्वज ध्वज अथवा केतु सत्यस्वरूप भगवान की विजय पताका है ।

वज्र भगवत्स्वरूप का वज्र तुल्य शक्तिशाली बल जीवों के दोषों को नष्ट कर काल-कर्म-माया के भय से मुक्त करता है, यह निर्देश देता है।

पद्म जलकमलवत् निर्लेप करने वाले भगवत्स्वरूप की करूणामय मृदुता को सूचित करता है।

जांबुफल भगवत्स्वरूप में जो सम्मिलित है उनको प्राप्त दिव्य सुखरूप रस का प्रतीक है।

जव अग्नि में जव, तल आदि अनाज़ की आहुति देकर अहिंसामय यज्ञ करने वाले एवं भगवत्स्वरूप में सम्मिलित है उनके धन-धान्य एवं योगक्षेम का भगवान स्वयं वहन करते है, यह सूचित करता है।

***बाये चरण कमल में सात चिन्हः**

मीन विपरित प्रवाह में बहकर उद्‌भव स्थान तक पहुँचती मीन की सदृश ऐश्वर्य-सुख के उद्‌भव स्थान भगवत्स्वरूप की प्राप्ति सूचित करता है।

त्रिकोण जीव को मनोव्यथा, व्याधि, आपत्ति से मुक्त करवा कर ईश्वर, माया, ब्रह्म की त्रिपुटी से पर परब्रह्म-स्वरूप में स्थित करने का निर्देशक है।

धनुष अधर्म से निज आश्रित का रक्षण करने का प्रतीक है।

गोपद भगवत्प्रिय गोवंश और भगवत्प्रिय सत्पुरूषों के परोपकारी लक्षण को सूचित करता है।

व्योम भगवत्स्वरूप के आकाशवत् निर्लेप भाव की सर्वत्र व्यापकता सूचित करता है।

अर्धचन्द्र भगवत्स्वरूप के घ्यान के द्वारा चँद्रकला की सदृश वृद्धि होकर पूर्णता को प्राप्त करता है, यह दर्शित करता है।

कलश भगवत्स्वरूप की सर्वोपरिता एवं परिपूर्णता का प्रतीक है।

प्रतीक में स्थित भगवत्स्वरूप के चिन्ह के रहस्य को दृष्टि समक्ष रखकर, सर्व जीव का हित हो ऐसी निःस्वार्थ ज्ञान-ध्यान-सेवा प्रवृत्ति सदैव करते-करवाते रहने के मिशन के पुरूषार्थ में भगवत्कृपा बरसती रहे, ऐसी श्री हरि के चरण कमल में प्रार्थना।

।। श्री स्वामिनारायणो विजयतेतराम् ।।

Let us breathe the Fragrance Divine

(दिव्य सौरभ की अनुभूति करें)

सर्वजीवंहितावह ग्रंथमाला

६८

: संस्थापक :

• अ. मु. प. पू. श्री नारायणभाई गी. ठक्कर •

श्री स्वामिनारायण डिवाइन मिशन
अहमदाबाद-१३

श्री स्वामिनारायण डिवाइन मिशन
सर्वजीवहितावह ग्रंथमाला
❁ प्रकाशन समिति ❁

: प्रेरक - मार्गदर्शक :

❁ अ. मु. प. पू. श्री नारायणभाई गी. ठक्कर ❁

©श्री स्वामिनारायण डिवाइन मिशन, अहमदाबाद
(रजि. नं. ई/४५४६/अहमदाबाद : १९८१)
इन्कमटेक्स एक्षेम्पशन u/s 80(G)5

प्रथम संस्करण
प्रतियाँ : १०००
२००७, १६, फरवरी
सं. २०६३, महा वद चौदश

सेवा मूल्य : रु.१०/-

प्रकाशक
श्री स्वामिनारायण डिवाइन मिशन
८, सर्वमंगल सोसायटी, पूज्यश्री नारायणभाई मार्ग
नारणपूरा, अहमदाबाद - ३८००१३ ✆ : २७६८२१२०

मुद्रक
भगवती ओफसेट
बारडोलपूरा, अहमदाबाद



सर्वोपरि उपास्य मूर्ति

पूर्ण पुरुषोत्तम श्री स्वामिनारायण भगवान

अर्पण

अनंतकोटि मुक्त के
स्वामी एवं सदा साकार
दिव्य मूर्ति ऐसे परम कृपालु
श्री स्वामिनारायण भगवान के
गूढ़ रहस्य ज्ञान को समझाने वाले,
महाप्रभु के सुखनिधि स्वरूप की सर्वोपरिता
सर्वत्र प्रवर्तित करने वाले तथा अनादिमुक्त की
सर्वोत्तम स्थिति का अनुभव करवाने वाले
-इस प्रकार समग्र सत्संग और मानव कुल
पर महद् उपकार करने वाले परम कृपालु
अनादि महामुक्तराज़
प. पू. श्री अबजीबापाश्री के
चरणकमलों में सादर समर्पित

●



रहस्यज्ञान प्रदाता

अनादि महामुक्तराज श्री अबजीबापा

अर्घ्य

श्रीजीमहाराज़ तथा बापाश्री के
सर्वोपरि तत्त्वज्ञान को वैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य में प्रस्तुत
कर आध्यात्मिक, सामाजिक तथा शिक्षा क्षेत्र में
अद्वितीय योगदान देने वाले, धर्मशुद्धि, संचालनशुद्धि एवं
चारित्र्यशुद्धि के प्रखर हिमायती तथा चैतन्य का ऊर्ध्वीकरण
करने रूपी ब्रह्मयज्ञ की आहलेक जगाने सर्वजीवहितावह
संस्था **श्री स्वामिनारायण डिवाइन मिशन** की
स्थापना करने वाले करुणा मूर्ति सद्गुरुवर्य
अनादि मुक्तराज़ पूज्य श्री नारायणभाई के
चरण कमल में शतकोटि वंदन

●

संस्थापक

अनादि मुक्तराज

पूज्यश्री नारायणभाई गीगाभाई ठक्कर

संपादकीय विशेष

श्री स्वामिनारायण डिवाइन मिशन ऐसी ग्रंथ श्रेणी प्रकाशित-संपादित करने को उत्सुक है, जो समग्र मानव जाति के लिये कल्याणकारी हो एवं जिसके पठन से भारतीय संस्कृति का उच्चत्तम उद्देश्य सार्थक होता हो।

वर्तमान बुद्धियुग में उच्च शिक्षा का विस्तार प्रतिदिन बढ़ रहा है। उच्च शिक्षा का मूल उद्देश्य जीवन में उच्चतर मूल्य प्रस्थापित करना है, जीवन का सर्वोच्च मूल्य परमात्मा के परम सुख की अनुभूति में स्थित है। इन उद्देश्यों की ओर पथदर्शित करने में यह ग्रंथ श्रेणी सहायक होगी ऐसी अपेक्षा है।

शिक्षा, विज्ञान एवं यंत्रविद्या के अविरत बढ़ते हुए व्याप को हमें इस प्रकार ढ़ालना है कि केवल भौतिक सुख की प्राप्ति का साधन न बनकर, मानव के आंतरिक विकास में उच्चत्तम सहायक हो; साथ ही हमें ऐसी समझ का प्रसार करना है कि उत्क्रांति का अंतिम लक्ष्य उत्तरोत्तर विकसित होकर परमात्मा के दिव्य सुख में सम्मिलित होने में है।

दिव्यानंद की प्राप्ति के लिये अविरत विकसित होने की प्राकृतिक अंतःप्रेरणा मानव को ईश्वर द्वारा दिया गया अनमोल उपहार है। यह ऐसा सूचित करता है कि हम सब साथ मिलकर ऐसी सामाजिक, आर्थिक एवं राजनैतिक परिस्थिति का निर्माण करें, जिससे जीवन के ऊर्ध्वीकरण की प्रक्रिया निर्बाध रूप से पूर्णतः पल्लवित हो। इस कार्य को गति प्राप्त हो ऐसे प्रेरणादायी साहित्य का सर्जन करना आवश्यक है।

मानव जाति के आध्यात्मिक एवं सामाजिक श्रेय के हेतु श्री स्वामिनारायण भगवान ने, जीवन को अविरत ऊर्ध्व

बनाकर, आत्यंतिक दिव्य सुख की प्राप्ति हो ऐसा समन्वयकारी ज्ञानमार्ग प्रस्थपित किया है; उनकी श्रीमुखवाणी वचनामृत तथा शिक्षापत्री में इस तत्त्व ज्ञान की गहनता अनन्य है एवं सविस्तार सरल भाषा में प्रस्तुत है। इसके अतिरिक्त स्वयं के ब्रह्मनिष्ठ संत एवं गृहस्थ मुक्तपुरूष द्वारा सर्वहितावह साहित्य भी विपुल मात्रा में सज्जित करवाया है।

उपर्युक्त ग्रंथो में सर्वग्राह्य भारतीय संस्कृति तथा जीवन जीने की वास्तविक दिशा दर्शित की गई है। अतः इस ग्रंथ श्रेणी में सर्वजन पूरब के हो या पश्चिम के, सभी को दिव्यता की ओर अग्रसर होने में पथदर्शक हो, ऐसे आदर्श तथा ज्ञान को अर्वाचीन ज्ञान के प्रकाश में प्रस्तुत करने का उत्तम प्रयत्न किया जायेगा। हमें विश्वास है कि इससे मानव जीवन में संवादिता आयेगी एवं आधुनिक जीवन की विषमता क्रमशः कम होते हुए दूर हो जायेगी।

भारत या विश्व के अन्य साहित्य जिसमें दर्शित विचार हमारे उद्देश्य के साथ सुसंगत होंगे, उन्हे भी इस ग्रंथ श्रेणी में सम्मिलित किया जायेगा।

हमारी ईच्छा यह है कि इस ग्रंथ श्रेणी के पुस्तक केवल गुजराती भाषा में ही नहीं, अपितु हिंदी, अंग्रेजी आदि भाषा में भी प्रकाशित करें, जिससे अन्य भाषी पाठक भी इस ग्रंथ श्रेणी से लाभांवित हो।

मिशन की इस प्रवृत्ति की सफलता प्राप्ति में सभी का सहकार प्राप्त हो एवं मिशन के सर्व कार्य में सदैव प्रभु कृपा संलग्न हो, यही अभ्यर्थना।

दासानुदास

नारायणभाई गी. ठक्कर

स्थापक प्रमुख

श्री स्वामिनारायण डिवाइन मिशन

सं. २०४२, श्रीहरि जयंती

अप्रैल १८, १९८६

अहमदाबाद

निवेदन

इस लघु पुस्तिका में १५० दिव्य मोतिओं को अ. मु. प. पू. श्री नारायणभाई गी. ठक्कर ने भगवान श्री स्वामिनारायण के अनन्य महान संत अनादि महामुक्तराज श्री अबजीबापाश्री के दिव्य व्याख्यान एवं उपदेश में से संयोजा है।

श्री अबजीबापाश्री के मुख कमल से निःसृत दिव्य अनुकंपन युक्त शब्द, मुमुक्षु जीव जो ईश्वर के साक्षात्कार की आकांक्षा रखते हैं, उनके लिए आध्यात्मिक ऊर्ध्वीकरण का स्त्रोत है।

यह सुभाषित मूलतः गुजराती में है। उनका हिंदी भाषिओं के लिए हिंदी में अनुवाद किया है।

शान्ति, खुशी एवं मुक्ति के मार्ग पर अग्रसर होने वालों के हाथो में इन पवित्र मोतिओं को प्रदान करते हुए प्रसन्नता की अनुभूति करते हैं।

विशेष प्रसन्नता यह है कि इस लघु पुस्तिका का प्रकाशन श्री स्वामिनारायण डिवाइन मिशन के रजत जंयती समारोह के अवसर पर हो रहा है।

सं. २०६३, महा वद चौदश
ई. स. २००७, १६ फरवरी

प्रकाशन समिति
श्री स्वामिनारायण डिवाइन मिशन

Let us breathe
the
Fragrance Divine

(दिव्य सौरभ की अनुभूति करें)

मूर्ति में संलग्न होने की रीति सीखने के पश्चात् जो प्राप्ति होती है वह अनुपमेय है, जप, तपस्या के द्धारा ऐसी प्राप्ति नहीं होती।

Prayer and penance, meditation and chanting of mantra offered without a burning desire to be one with Murti may bear fruit of the action, but it can never bring peace or bliss that one experiences at the height of oneness with God in personal form.

मूर्ति की धारणा के समय विभिन्न अंग दृष्टिगोचर हों, किंतु समग्र मूर्ति दृष्टिगोचर न हो यह ध्यान की कला नहीं है अगर देह से आत्मा को भिन्न कर सके तब ही साक्षात्कार होता है।

So long as you see the different parts of the Murti in your meditation, and miss the whole -the revealation of the indivisible Supreme Lord Shri Swaminarayan, your meditation is lacking in devotion. He who knows how to uncover the Atman and free himself from the bonds of body stands firm in his realisation of Murti.

देह की अंतिम क्षण में यह प्रसन्नता रहे कि मैं अपने वास्तविक घर में महाराज से मिलने जाता हूँ, यही परिपकव निश्चय है।

At the last hour of leaving this body, if one feels elated thinking that one is returning 'Home' to meet Maharaj, know him to be steadfast in his realisation of God.

महाराज की दिव्य मूर्ति का सुख भोगना ही अक्षरधाम में सेवा है।

To experience the divine joy of being in communion with the luminous Murti of Maharaj is akin to serving Him in Akshardham.

जिस प्रकार दत्तात्रेय ने सर्प, चील आदि में से गुण ग्रहण किये वैसे ही हमें भी संत-हरिभक्त में से गुण ग्रहण करने चाहिए।

The way Dattatreya became enlightened by observing the cobra, the kite etc., we too should grow wiser by cultivating kinship with the saints and devotees.

त्यागी को जडमाया जो द्रव्य एवं चैतन्य माया जो स्त्री ऊसका संयोग हो तो ऊसे काला सर्प लिपटा जानें।

When an ascetic comes in contact with inanimate 'Maya' called wealth or animate 'Maya' called woman, he should realise that he is in the stranglehold of a deadly cobra.

भले बुरे विषय के योग से जिसका मन शितोष्ण
न हो ऊसे परम भागवत संत जानें।

One who is not elated by prosperity nor dejected by adversity is the true Param Bhagvat saint.

बाधा ऊत्पन्न करनेवाले समस्त दोषों के निवारण का श्रेष्ठ ऊपाय श्रीजीमहाराज तथा महान संत का स्मरण एवं निरंतर प्रार्थना है।

If someting agitates your mind or makes your life miserable, remember Shreeji Maharaj and His Brahmanised saints in your prayers and all your sorrows shall subside and all your agonies will end.

मूर्ति को भूलकर मात्र कार्य का स्मरण करे
वह चावल छोडकर छिल्के को रखने जैसा है।

To remain engrossed in our mundane work
and ignore the Murti of our Lord is akin
to preserving the husk and discarding
the grains.

मूर्ति सिद्ध करने के पश्चात् भी परम एकातिंक तथा अनादिमुक्त का मार्गदर्शन अत्यावश्यक है क्योंकि वे ही श्रीजीमहाराज के सुख के प्रदाता हैं।

Those who have realised Murti –God, they also need guidance from the Param Ekantik and Anadimuktas, the liberated ones. For they are the guides and they alone can help them attain the bliss of God (Maharaj).

जितना आज्ञा पालन एवं लोप करे उतने ही सुख-दुःख की प्राप्ति होती है। महाराज की आज्ञा का लोप तो अपमृत्यु तुल्य है।

One who violates or transgresses the commandments of Maharaj is said to have died an unnatural death, a death beyond redemption. To a devotee of God, happiness lies in the observance of the injunctions of God, and pain in the breach of the same.

आज मुक्तो के द्धारा श्रीजीमहाराज सत्संग में सुख प्रदान करते हैं, अतः जीव को कल्याण के हेतु महान मुक्त के दास होकर रहना चाहिए।

In present times, Shreeji Maharaj is bestowing His divine grace on the Satsang-fellowship through His Muktas. Therefore, those who are seeking the ultimate salvation should dedicate their lives to the service of the great Muktas.

मूर्ति के सुख के इच्छुक को सांसारिक श्रांति एवं संघर्ष का त्याग कर महाराज का ध्यान करना आवश्यक है।

Those who aspire the bliss of God should free themselves from all the strife and struggles of life and meditate devoutly upon the luminous Murti of Maharaj.

हर सरोवर में पकंज एवं हर कानन में अगर अलभ्य है वैसे ही हर गृह में महान मुक्त भी अलभ्य हैं ऊनके योग में मूर्ति सिद्ध कर लेनी चाहिए।

The way a lotus does not grow in every pond or lake, and the agar -tree is rare in the woods, every home cannot boast of being the dwelling place of great Muktas like us. Therefore, the seekers must seek our guidance to realise God.

ज्यों पारसमणि से लोहा स्वर्ण बनता है त्यों अनादि मुक्त के द्वारा ही अनादि मुक्त की स्थिति प्राप्त होती है।

The way philosophers' stone transmutes metal into gold, the state of Anadimukta can be attained through communion with the Anadimuktas alone.

पेड़-पर्वत, वृक्ष-लता आदि जो महाराज तथा महान मुक्त की दृष्टि में आए उनके भी धन्य भाग्य हैं।

Blessed are those trees, mountains, hills, shrubs, vines and creepers etc. who have had the great fortune of being touched or seen by Maharaj and His Brahmanised liberated Muktas.

जो निज दोष से परिचित हो, पश्चाताप करे एवं क्षमा याचना करे वह धन्य है, महान संत के संग मन संलग्न करे तो भूल से परिचित हो, पात्र हो एवं जीव में बल प्रदिप्त होता है।

Blessed are those who see their sins, identify the evil; expiate and pray for mercy. He that seeks the company of the great and counsel of the God-realised souls can see his faults, correct his errors and innerly emerge stronger in the battle of life.

दिखावे मात्र का सत्संग न करें महाराज तथा महान मुक्त के वचनानुसार नियम, धर्म पालन अत्यावश्यक है।

Do not pretend to be a devotee or a satsangi; adhere to the commandments of Maharaj and act accordingly. Listen to the words of the spiritually accomplished soul and never transgress the laws of the Lord. Discipline must be maintained at any cost.

सत्संग में कहा जाने वाला बड़प्पन वास्तविक बड़प्पन नहीं है, वास्तविक बड़प्पन तो मूर्ति में संलग्न होना है वरना कमी रह जाती है।

Even within the satsang those who claim to be spiritually great and exhibit scholarship and command others, may not be worthy of our reverence if their mind is not fixed on the Murti of Maharaj -with all their apparent spirituality they are the poorest.

सुखी कोन? जो महाराज की मूर्ति रखे, वास्तविक साधुता रखे एवं सत्संग में दास्यभाव से वर्तन करे।

Who is the happiest man? One who is totally absorbed in the personal form of Maharaj and seeks Him through right conduct and humility in satsang, is the happiest man.

स्नेहमयी एकमात्र भगवान एवं भगवान के अनादिमुक्त ही हैं। अन्य पदार्थ में स्नेह करना जीव में रोग तुल्य है।

Our object of love and devotion can be either our God or the Anadimukta who forever dwells in the luminous Murti of Maharaj. When a man wanders away from them he comes to grief. Deviation is the sure sigh of a diseased soul.

मुक्त सदैव प्रत्यक्ष हैं, आवागमन नहीं करते,
किंतु मनुष्य देह के द्धारा प्रत्यक्ष बोलते हैं,
भोजन ग्रहण करते हैं, सेवा अंगीकार करते हैं
एवं वार्ता के द्धारा सुख प्रदान करते हैं।

Muktas dwell eternally in our midst; they do not come or go; they are not transient. But when they manifest themselves in human form, they talk to us, partake our food, accept our service and bestow happiness upon us with their words of wisdom.

ऐश्वर्य, चमत्कार, प्रताप वा समाधि अखंड न होते हुए, अर्थहीन हैं; वस्तुतः सुख तो महाराज की मूर्ति में है।

Affluence, miracles, mystification will not mean anything; they do not last long; they are ephimeral. Seek happiness in the divine Murti of Maharaj, for He alone can lead us unto real happiness.

ज्यों सरिता अपने में उडेले हुए जल को स्वयमेव सागर तक पहुंचाती है त्यों मुक्त से आत्मीयता स्वयमेव श्रीजीमहाराज के सुख की प्राप्ति करवाती है।

The way water we pour into a river flows into the ocean and merges with the sea, the service offered to a Mukta ultimately reaches our Lord and by identifying ourselves with the Mukta we merge in the Murti of Shreeji Maharaj, retaining Master -Servant relationship intact.

गृहस्थ सत्संगी अपना वास्तविक परिवार सत्संग को ही जानें।

To a householder devotee, satsang is the real home.

महान मुक्त के दर्शन-प्रदान समय में समागम कर लें। निज देह का निर्धार नहीं है।

As life grows shorter with the passage of time, seek communion with the righteous and the great so long as they dwell in our midst.

श्रीजीमहाराज के अनादि मुक्त जीव की गलती एवं गुनाह को नज़र अंदाज़ करते हुए दुष्कर समय में उसकी सहायता करते हैं।

Anadimuktas devoted to the service of Shreeji Maharaj condone all our crimes and ignore our faults and come to our rescue in difficult times.

अनादि मुक्त द्वारा किये गए स्नान का जल पंचामृत तुल्य पावन है उसे महिमा सहित शिर्ष पर चढाने से पंच महापाप का नाश होता है।

If you collect the water used by Anadimukta for his bath and with his glory at your heart, sprinkle it on your head, of all the 'five deadly sins' you will be absolved.

आयु एवं विद्या से वास्तविक महानता नहीं है, वास्तविक महानता तो मूर्ति में संलग्न होने से है।

Eminence is attained through knowledge and eminence may increase with age but real eminence is reached through absolute spiritual absorbtion in the Murti of Maharaj.

निरंतर महाराज की मूर्ति के चिंतवन से अत्यधिक बलवान कामादि शत्रु भी वश में होते हैं।

If the mind is constant in contemplation of the Murti of Maharaj, however formidable and destructive the passions (inner -enemies like lust etc.) may be, they will be overpowered and crushed.

जिस प्रकार कंकड़ घड़े को फोड़ता है उस प्रकार मुक्त के संग समागम में अवगुण रुप कंकड़ से जीव का बुरा होता है।

The way a pebble smashes the pot, to see flaw in the great while we are in their company contaminates our life.

महाराज के मुक्त अमृतवृक्ष सदृश हैं। ज्यों अमृत के वृक्ष का छोटे से छोटा हिस्सा भी अमृत ही है, त्यों मुक्त की सेवा-स्पर्श मात्र भी अमृत तुल्य ही है।

The Muktas of Maharaj are like the Nectar-Trees; pick any part of this tree it will rejuvenate your life. To serve or come in contact with such Muktas is to taste the nectar.

स्वच्छ अंतःकरण में ही श्रीजीमहाराज साक्षात्त् बिराजमान होते हैं, जिस प्रकार दर्पण की पृथ्वी में सूर्य दृष्टिगोचर होता है।

If the mirror is clean, we can see the reflection of the sun, if the conscience is clean and free from all delusions, Shreeji Maharaj deems it fit to dwell in it.

भगवान पुरुषोत्तम ने हमारा हाथ थामा है उसे छुड़ा न लें अर्थात् छोटी-बड़ी आज्ञा का लोप न करें।

Lord Purushottama is leading us by hand, let us not reject His help and go astray by ignoring or transgressing His injunctions and advice.

जैसा स्नेह मीन को जल से है वैसा स्नेह जीव अनादि मुक्त में करे तो सरलतापूर्वक माया को पार कर पुरुषोत्तम भगवान के सुख में क्रीड़ा करता है।

The way water is life to fish, an Anadimukta should be to man; we can swim through the sea of Maya-delusions and reach the shores of salvation -Lord Purushottama by surrendering ourselves to His Anadimukta. To identify ourselves with Anadimukta is to be one with God.

स्वभाव को जीते बिना महाप्रभुजी के सुख की इच्छा करना व्यर्थ है।

Without subduing our passions, the desire for the divine grace of Mahaprabhuji is waiting in vain.

‘छोटी सेवा प्राप्ति महान भाग्य प्राप्ति है।’ दिक संत की सेवा, मंदिर झाड़ना, शौचालय साफ करना, कथित छोटी सेवा है।

Meaner the job, greater is the reward. To nurse a sick sadhu (ascetic), to sweep and clean a temple and to wash toilets etc. are considered to be lowly jobs.

श्रीजीमहाराज का सुख अमृत के सागर के सदृश है, उसमें से एक बिंदु मात्र की प्राप्ति हो तो जीव अमर हो जाता है, किंतु इसके लिए प्रयत्न अत्यंत आवश्यक है।

If we can have a drop of nectar from the ocean of Shreeji Maharaj's grace, we will become immortal. But we will have to strive hard to be worthy of that one redeeming drop.

अर्जून ने पक्षी की आँख की ओर एक लक्ष किया उसी प्रकार हम भी मूर्ति के सिवा कुछ है ही नहीं ऐसा समझकर मूर्ति की ओर एक लक्ष करें।

The way Arjuna the archer concentrated upon the eye of the bird, we too should forget everything else and concentrate upon the Murti of Maharaj.

जिस प्रकार दुश्मनों को जीतकर राजा बना जाता है उसी प्रकार काम, क्रोध, लोभ, मान आजि दोषों को जीत सके वह राजा है अन्यथा रंक है।

Pauper is the man who allows himself to be led and allured by enemies such as lust, anger, avarice, fame etc. Monarch is he, who overcomes all these evils and conquers them.

मूर्ति में रहे उसे मेरा नहीं, तेरा नहीं, साधु नहीं, गृहस्थ नहीं कुछ नहीं रहता, एक मूर्ति ही रहती है।

One who is in communion with God rises above the dichotomy of 'mine' and 'thine'; an ascetic and a householder. To the serene one absorbed in Murti, such distinctions have no meaning. He has one aim, one desire and one goal – the divine Murti of Maharaj.

जीव के विपरित स्वभाव उसके मान-सत्कार की संतुष्टि के हेतु महान व्यकित के समागम का त्याग करवाकर अधर्म में बंधवा देते हैं।

Man's mind is such that if he is honoured in hell he will quit heaven; if bad people pamper him, he will part company with the good (great) and his little ego will enslave him.

गेरुए कपड़े पहनने से क्या हो? जीवात्मा गेरुआ हो तथा महाप्रभुजी में संलग्न हो वही सत्य है।

What's the use of wearing the saffron coloured clothes of and ascetic? The soul must renounce and absorb itself in Mahaprabhuji. To unite with god is to renounce.

जिस प्रकार सागर में धूल-कंकड जैसी वस्तुएँ दृष्टिगोचर नहीं होती उसी प्रकार मूर्ति में वृत्ति स्थिर करे तो पिंडं ब्रह्मांड कुछ भी प्रतीत नही होता।

The way an ocean submerges dust, pebbles and other objects and yet remains serene and unaffected, those whose mind is absorbed or totally submerged in the Murti of Maharaj are cut free from the bonds of body and Brahmand. he remains untouched by actions and desires.

इस लोक में बेटे की मृत्यु अर्थात् वियोग से अति शोक होता है तो अखंड सुख प्रदाता महाराज की मूर्ति के वियोग से तो अति शोक होना चाहिए।

If the loss of our child remains inconsolable, separation from the Murti of Maharaj should always be a more agonizing experience.

काम व्यक्ति को यम-राक्षस में परिवर्तित करता है तथा क्रोध सर्प में परिवर्तित करता है।

Lust breeds the agent of death –Yama and anger transforms us into the poisonous cobra.

मायिक वस्तु के हेतु जीव दुनिया के किसी भी छोर पर पहूँच जाता है मगर महाराज सदृश दिव्य वस्तु प्राप्त करने के प्रयत्न नहीं करता।

We strive tirelessly to possess the objects of sense gratification; but we seldom try to be worthy of receiving the divine redeeming grace of Maharaj.

देह रखने का जितना जतन है उतना अगर
मूर्ति का जतन करे तो मूर्ति साक्षात् हो जाए।

If the Murti of Maharaj is taken care of
the way you take care of your body, you
will soon become a God-realised man.

हड्डी चबाने से निकलते हुए रक्त से श्वान झुठा आस्वासन पाकर प्रसन्न होता है, उसी प्रकार काम, क्रोध, मान रुप झुठी हड्डियाँ न चबाएँ।

The dog while chewing a piece of bone gets false satisfaction from licking the blood oozing from his own teeth. Therefore, man should avoid chewing the bones of lustful desire, anger and false pride.

संत के द्रोह का पाप भगवान के द्रोह के सदृश है तथा संत की सेवा का फल भगवान की सेवा करने सदृश है।

To offend and hurt a saint is to offend and hurt God; and to serve a saint is to serve God.

मृतिका के पात्र में जल डाला हो, किंतु छिद्र होते ही जल निकल जाता है, उसी प्रकार पात्र हुए बिना श्रीजीमहाराज का सुख स्थित नहीं रह सकता।

The way a cracked pot cannot contain water, the grace of Shreeji Maharaj cannot be retained by those who lack integrity and are not spiritually accomplished.

आज्ञा में बरते तथा बरताये तथा दुराग्रह सर्व त्यागे तथा त्याग करवायें ऐसे का संग सदैव रखें।

Always seek the company of those who obey and inspire others to obey the commands of God; always be in the company of those who have overcome their own desires and help us to put aside our own.

जहाँ महान मुक्त निवास करते हों वह नैमिषारण्य क्षेत्र कहा जाता है। वहाँ ध्यान-धारणा जो भी करे वह थोडा करे तथापि वास्तविक शांति हो जाती है।

Naimisharanya or the sacred woods are, where the great Muktas dwell. If you meditate even for a while at such hallowed place, you will experience genuine peace.

निज के पैर में चुभे कंटक को निकालना हो वह स्वयं के हाथ में है, उसी प्रकार श्रीजीमहाराज की आज्ञा के विरुद्ध वर्तन रुप कुसंग का त्याग करना भी स्वयं के हाथ में है।

The way we can remove a thorn from our foot, it is within our power to discard the bad company that leads us astray and prompts us to violate the commands of Shreeji Maharaj.

महान पुरुष पृथ्वी पर से देहोत्सर्ग कर निकल चलें तत्पश्चात् अत्यधिक पश्चाताप होता है। अतः हमारे मध्य हों उस समय समागम कर लेना चाहिए।

When the God-realised souls withdraw themselves from this earth, we are left with our sorrows. Therefore, let us seek their company while they are in our midst.

मोक्ष का द्धार खोले अर्थात् मोक्ष करें ऐसे संत जहां निवास करते हों उनका समागम करे वह द्धारिका की यात्रा कही जाती है तथा वह स्थल द्धारिका है।

Seek everywhere the God-realised saints who lead us and help us attain Moksha-salvation. To visit them is to go on a pilgrimage. Dwarika is where dwells a saint.

साधु द्रव्य को विष्टा तुल्य जाने। यदि विष्टा का संकल्प हो तो द्रव्य का संकल्प हो ऐसी समझदारी रखें।

When an ascetic desires for wealth, he is consumed away by filth, therefore he should look upon wealth as the filth of the world.

किसी से आज्ञा का लोप हुआ हो उसे शुद्ध सत्त्वगुण में रहकर शांति से कहना चाहिए अपितु कोपित न हों, क्रोध के द्वारा उसका तिरस्कार न करें।

If someone errs or violates the commands of God, let us not loose our patience or be severe with him. tell him not in anger discard him not with contempt. Despise him not reject him not but win him back with love and compassion which characterise Satvaguna.

आज्ञा पालन करने से महाराज एवं मुक्त बिन बुलाये आते हैं, किंतु ऐसा न जानें कि, जब थे तब थे अब नहीं हैं, सदैव साथ ही हैं ऐसा समझो।

If you fall not, out of the way of God, even if you call Him not, Maharaj and His Muktas will always be with you without seeking: Know that the redeemer is always with you because He is beyond the confines of 'is' and 'was'.

परम सुख के हेतु पूर्व संत मृतिका के गोले खाकर तथा भूख, दुःख, ठंडी, धूप, वर्षा की झड़ियाँ सहकर भी बलपूर्वक समागम करते थे ऐसी तत्परता थी।

In the past the saints and seekers of supreme joy used to endure pain, hunger, heat and cold. They would swallow the 'balls' of clay to quench their hunger and face torrential rain to seek communion with God and His brahmanised saints. Such was their spiritual quest that nothing could deter them or dampen their spirit.

जीव को पलमात्र भी फुर्सत मिले तो सोता रहे या गप्पे लगाए, किंतु भगवान का स्मरण नहीं करता ऐसा बचकाना है।

Man is such a strange creature that he fills his leisure with idle gossip or wastes his time in sleep but he will not pay attention to his own spiritual needs or remember God.

बचकाना स्वभाव न रखें, बाल्यावस्था से ही वृस्थावस्था के भाव लाए, किंतु युवावस्था के भाव आने ही न दें।

Don't be childish. We should cultivate the wisdom and maturity of the grown up people right from the childhood. We should always guard ourselves against the impulses and recklessness of the youth.

कनक के सदृश स्वच्छ रहे तो ही महाराज तथा
महान मुक्त प्रसन्न होकर संग रहते हैं।

We should always be pure as gold. Then
only Maharaj and His Muktas will always
be with us and bestow their joy upon us.

जो गृहस्थ पंच नियम का भंगकर भगवान की सेवा करे, उस सेवा में लोभित होकर उसको ग्रहण न करें जब प्रायश्चित कर ले तत्पश्चात् ही सेवा ग्रहण करें।

A householder who is deeply absorbed in his devotion and service to God but negligent in the observance of the Panch Vartman – the five codes of moral conduct, must repent. Unless he offers penance for the breach of his vow, we should resist the temptation of accepting the offerings made by him.

जीव को जीव के वैद्य (अनादि मुक्त) मिले तो उसे ऐसा बलवान कर देते हैं कि वह महाराज के सुख से सुखी हो जाता है।

If the soul is treated by the divine physician called Anadimukta, it will be cured of all the diseases of the mundane world. He will give us strength and energy to receive and enjoy the grace and happiness offered by Maharaj.

काम-क्रोधादि ऐसे शत्रु हैं जो जीव को मायारुप कचरे में घुमाते रहेते हैं तथा अगर लापरवाह रहे तो कहीं उठाकर ले जाए।

The enemies called lust, anger and other negative feelings turn us into the punk and junk of Maya –the delusions. If we do not remain alert or cautious, they will fling us into the void.

श्रीजीमहाराज के संमुख दृष्टि रहे यह धार्मिक संमेलन-उत्सव का मुख्य फल है, उसे भुलकर कार्य में ही मग्न नहीं हो जाना चाहिए।

Mere excitement or physical involvement in religious festivals and celebrations has no meaning. The real joy or reward comes from genuine rapport with Shreeji Maharaj.

महान संत के कथनानुसार हमे तो अधम जीव को भी उद्धारना है, अतएव माया को टालने के हेतु महाराज का एवं हमारा निरंतर स्मरण करें।

The great saints and sages tell us, "We want to uplift the meanest and the lowliest, therefore, if you want to free yourself from the clutches of Maya -delusions, never forget even for a moment, Maharaj and us."

महाप्रभु का भजन क्रमशः कंठ, हृदय तथा नाभि में उत्तमोत्तम है किंतु उन सभी से सत्तारुप होकर मूर्ति की धारणा करे वह सर्वोत्तम है।

It is great to sing orally in praise of God, better to do so from the throat, but still better it is to remember Him with all our heart, and richer still is to make Him dwell in our conscience. However, nothing can surpass the mode of worship in which one is totally immersed in the Murti of Maharaj.

देह का सुख भी प्राप्त हो एवं मूर्ति का सुख भी प्राप्त हो यह कदापि संभव नहीं है।

It is not possible to experience and receive the divine bliss of Murti without foregoing the cravings for physical comforts and joys.

महान मुक्त जो लौकिक भाव प्रतीत करवाते हैं वे अनंत जीव की पुष्टि के हेतु करवाते हैं उनकी स्थिति तो ऐसी अलौकिक है कि उनकी स्थिति के स्मरण मात्र से काम-क्रोधादि शत्रु बाधा उत्पन्न न कर सके।

